## तीन साल के पात्र बच्चों के लिए नि:शुल्क कार्यक्रम

यदि आपकी तीन साल की आयु की संतान एबोरिजनल (जनजातीय) और/या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी है या उसे चाइल्ड प्रोटेक्शन (बाल संरक्षण) या Child FIRST द्वारा मदद दी जाती है, तो हो सकता है कि वह 15 घंटों तक के लिए नि:शुल्क या कम शुल्क के किंडरगार्टन कार्यक्रम के पात्र हों। और अधिक जानकारी के लिए **www.education.vic.gov.au/childhood/parents/kindergarten/Pages/earlystart.aspx** देखें

## एर्ली स्टार्ट किंडरगार्टन एक्सटेन्शन ग्रांट

यदि आपकी संतान ने पिछले वर्ष प्रारम्भिक शुरूआती किंडरगार्टन (Early Start Kindergarten) या प्रारम्भिक शिक्षा-प्राप्ति तक पहुँच (Access to Early Learning) में भाग लिया था, तो आप एर्ली स्टार्ट किंडरगार्टन एक्सटेन्शन ग्रांट के पात्र हो सकते हैं। एक्सटेन्शन ग्रांट उन परिस्थितियों में लागू होती है जहाँ किंडरगार्टन शुल्क सब्सिडी लागू नहीं होती है और यह आपकी संतान को नि:शुल्क या न्यूनतम शुल्क पर वित्त-पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सक्षम बनाती है।



## द्विभाषी एवं दुभाषिया सेवाएँ

आपकी संतान की किंडरगार्टन सेवा 9280 1955 पर फोन करके आपकी व आपकी संतान की ज़रूरतों के बारे में आपसे बात करने में मदद करने हेतु नि:शुल्क दुभाषिया सेवा का प्रयोग कर सकती है।

अवस्थापन कार्यकर्ता भी रिफ्यूज़ी परिवारों की किंडरगार्टन कार्यक्रम का पता लगाने में मदद कर सकते हैं।

## और अधिक जानकारी

किंडरगार्टन कार्यक्रमों या किंडरगार्टन शुल्क सब्सिडी के बारे में और अधिक जानकारी के लिए Department of Education and Training की वेबसाइट **www.education.vic.gov.au/childhood/parents/kindergarten/Pages/fees.aspx** or contact your nearest Regional Office देखें

## क्षेत्रीय कार्यालय संपर्क

| क्षेत्रीय कार्यालय | स्थान | स्विचबोर्ड |
|---|---|---|
| उत्तरी-पूर्वी विक्टोरिया | Benalla | **03 8392 9500** |
| | Glen Waverley | **03 8392 9300** |
| उत्तरी-पश्चिमी विक्टोरिया | Bendigo | **03 5440 3111** |
| | Coburg | **03 9488 9488** |
| दक्षिणी-पूर्वी विक्टोरिया | Dandenong | **03 8765 5600** |
| | Moe | **03 5127 0400** |
| दक्षिणी-पश्चिमी विक्टोरिया | Ballarat | **03 5337 8444** |
| | Geelong | **03 5225 1000** |
| | Footscray | **03 8397 0300** |

तैयारकर्ता:
Department of Education and Training
2, Treasury Place, East Melbourne
Melbourne 3002
© विक्टोरिया राज्य अगस्त 2015

VICTORIA State Government | Education and Training

# नि:शुल्क या कम शुल्क के किंडरगार्टन

किंडरगार्टन शुल्क सब्सिडी

Hindi Translation



## किंडरगार्टन (बाल-विहार) आपकी संतान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होता है। किंडरगार्टन के माध्यम से बच्चे ऐसी योग्यताएँ सीखते हैं जिनपर वे संपूर्ण जीवन आधारित होते हैं।

किंडरगार्टन कार्यक्रम प्रशिक्षित प्रारम्भिक बाल्यावस्था टीचरों और शिक्षकों द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

अनुसंधान दर्शाता है कि किंडरगार्टन कार्यक्रम से स्वास्थ्य एवं कल्याण, सामाजिक एवं शिक्षा-प्राप्ति के परिणामों में सुधार होता है और ये बच्चों को स्कूल में अवस्थांतर करने के लिए तैयार करता है।

यदि बच्चे किंडरगार्टन कार्यक्रम में भाग लेने के वर्ष में 30 अप्रैल तक कम से कम चार साल के हो जाते हैं तो उन्हें किंडरगार्टन कार्यक्रम में नामांकित किया जा सकता है।

आपकी संतान की किंडरगार्टन टीचर आपकी संतान की शिक्षा-प्राप्ति में मदद करने के लिए आपके साथ काम करेगी।

विक्टोरिया में, गुणवत्तापूर्ण किंडरगार्टन कार्यक्रम लांग डे केयर सेंटर्स, कम्युनिटी किंडरगार्टनों और कुछ स्कूलों में प्रदान किए जाते हैं।

## किंडरगार्टन शुल्क सब्सिडी

सभी बच्चों को उनके स्कूल जाना शुरू करने से पिछले वर्ष उच्च-गुणवत्ता वाला किंडरगार्टन कार्यक्रम तक पहुँच प्रदान करने की विक्टोरियन सरकार की प्रतिबद्धता के भाग के रूप में आपकी संतान नि:शुल्क या कम शुल्क के किंडरगार्टन के लिए पात्र हो सकती है।

किंडरगार्टन शुल्क सब्सिडी चार वर्ष की आयु के पात्र बच्चों को प्रति सप्ताह 15 घंटों तक के लिए किंडरगार्टन कार्यक्रम तक पहुँच प्रदान करती है।

## क्या मेरी संतान नि:शुल्क या कम शुल्क के किंडरगार्टन के लिए पात्र है?

आपकी संतान निम्नलिखित में से किसी भी परिस्थिति में नि:शुल्क या कम शुल्क के किंडरगार्टन तक पहुँच प्राप्त करने के लिए योग्य होगी:

- आपकी संतान की पहचान माता-पिता, देखरेखकर्ता या कानूनी अभिभावक के द्वारा एबोरिजनल (जनजातीय) और/या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी के रूप में की जाती है
- अपने बर्थ सर्टिफिकेट पर आपकी संतान की पहचान एक साथ पैदा हुए एक से अधिक बच्चों (एक साथ पैदा हुए तीन या तीन से अधिक बच्चों) में से एक के रूप में की जाती है
- आपकी संतान या माता-पिता या अभिभावक के पास निम्नलिखित में से कोई कार्ड या वीज़ा है:
  - कॉमनवेल्थ हेल्थ केयर कार्ड
  - कॉमनवेल्थ पेंशनर कन्सेशन कार्ड
  - डिपॉर्टमेंट ऑफ वैटर्नस अफैयर्स गोल्ड कार्ड या व्हाइट कार्ड
  - पात्र या असाइलम सीकर वीज़ा


















## मैं आवेदन कैसे करूँ?

आप अपनी संतान की पात्रता के बारे में अपने किंडरगार्टन के कर्मचारियों से बात कर सकते/सकती हैं, और उन्हें अपना कन्सेशन कार्ड, वीज़ा, बर्थ सर्टिफिकेट या अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ दिखा सकते/सकती हैं।

आपकी संतान का किंडरगार्टन आपकी ओर से शुल्क सब्सिडी के लिए आवेदन करेगा। भुगतान सीधे आपकी संतान के किंडरगार्टन को किया जाएगा जिससे आपकी संतान नि:शुल्क या कम शुल्क पर उच्च-गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम को प्राप्त करने में सक्षम होगी।

आप वर्ष में कभी भी किंडरगार्टन शुल्क सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं, भले ही आपकी संतान किसी अन्य किंडरगार्टन में जाना शुरू कर दे।

## मैं अपनी संतान के लिए किंडरगार्टन की खोज कैसे करूँ?

व्यक्तिगत परिवारों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, किंडरगार्टन कार्यक्रम कई अलग-अलग परिसरों में प्रदान किए जाते हैं, जिनमें लांग डे केयर सेंटर्स, कम्युनिटी किंडरगार्टन और कुछ स्कूल शामिल हैं।

अपने क्षेत्र में किंडरगार्टन सेवा का पता लगाने के लिए **www.education.vic.gov.au/findaservice/Home.aspx** देखें या अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करें। आप **www.dtpli.vic.gov.au** से अपनी स्थानीय काउंसिल के संपर्क विवरण का पता लगा सकते/सकती हैं।